# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

**प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे**

वर्ष 13 | अंक 17 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक


## द्वितीय नवरात्रि - मां ब्रह्मचारिणी की आराधना तथा स्वाधिष्ठान चक्र को जागृत करने का अद्वितीय अवसर

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। मानव के शरीर में स्वाधिष्ठान चक्र, रचनात्मकता, कलात्मकता, सृजनात्मक शक्ति के लिए जाना जाता है। श्री माताजी निर्मला देवी जी ने स्वाधिष्ठान चक्र के संबंध में वर्णन किया है कि- "ब्रह्मदेव की सृजनात्मक शक्ति उनकी संगिनी ( शक्ति ) सरस्वती के रूप में इस चक्र पर अवतरित होती हैं । वे ज्ञान और विद्या की देवी हैं ... मनुष्य को ज्ञान का सच्चा अर्थ समझाने के लिए उनकी ये छवि प्रकट होती है । प्रायः उनके एक हाथ में वीणा होती है जो इस बात की प्रतीक है कि ज्ञानवान व्यक्ति को ईश्वरी संगीत का ज्ञान होना आवश्यक है । भारतीय शास्त्रीय संगीत मूल आदि नाद ( ब्रह्मनाद ) पर आधारित है ।..... अत : इस चक्र पर ये देवी वीणा के साथ दिखाई देकर ये सुझाती हैं कि यदि आप विद्वान हैं तो



आपको संगीत का ज्ञान होना भी आवश्यक है । केवल इतना ही नहीं , विद्वान व्यक्ति को नीरस न होकर सृजनात्मकता के सौन्दर्य ( माधुर्य ) का आनन्द उठाने वाला होना चाहिए । अपने दूसरे हाथ में वे माला धारण करती हैं । इस प्रकार ये सुझाती हैं कि ज्ञानार्थी व्यक्ति को परमात्मा में श्रद्धा होनी चाहिए और वह परमात्मा के शाश्वत प्रेम की सराहना करने वाला होना चाहिए। अतः साधक को , विद्या के भक्ति पक्ष में कुशल होना आवश्यक है । उसके अध्ययन मुख्य उद्देश्य शाश्वत सत्य की खोज होना आवश्यक है । सच्चे भक्त की यही पहचान है कि वह विवेक खोजता है , सतही ज्ञान नहीं । अपने तीसरे हाथ में देवी सरस्वती ज्ञान की पुस्तक धारण करती हैं और इस प्रकार सुझाती हैं कि विद्वान व्यक्ति को ज्ञान साधना में खोजे गये शाश्वत सत्यों के विषय में ग्रन्थों का सृजन करना चाहिए ।"

(परम पूज्य माता जी के ग्रंथ श्रजन से साभार)

इस चक्र के असंतुलन के कारण अनेक प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं, जिसको सहजयोग में राइट साइडेड बीमारियां कहते हैं। जैसे कि लिवर की समस्या, डायबिटीज, किडनी ट्रबल, अस्थमा, कॉन्स्टिपेशन हो सकता है, अधिक समस्या होने पर हार्ट अटैक या पैरालिसिस जैसी परेशानी भी हो सकती है। ये राइट साइडेड बिमारियां होती हैं वो राइट स्वाधिष्ठान चक्र से आती है । लेफ्ट स्वाधिष्ठान चक्र में जब खराबी आती है, तो मनुष्य चिंतित हो जाता है,। बड़ा दुःखी हो जाता है, डिप्रेशन में आ जाता है और वो सोचता है कि मुझसे बुरा कोई नहीं, मैं ही सबसे ज्यादा दुःखी और परेशान हूं ।स्वाधिष्ठान चक्र जब संतुलित हो जाता है तो मनुष्य का चित्त एकदम स्वच्छ हो जाता है उसका सारा स्ट्रैस और बिमारियां खत्म हो जाती हैं और वो शांति में विराजमान हो जाता है।

अतः इस नवरात्रि स्वाधिष्ठान चक्र के संतुलन को स्थापित करने के लिए कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# हम सब मिलकर बनायेंगे आत्मनिर्भर और विकसित भारत

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवारा क्षेत्र की पुलिस चौकी से दीपाली साड़ी हाउस तक बाजार में पैदल भ्रमण कर दुकानों में जीएसटी बचत उत्सव के स्टीकर्स चिपकाए।**



दुकानदारों एवं ग्राहकों से आत्मीयतापूर्ण चर्चा की। जीएसटी दरों में कटौती होने से महिलाएं सबसे अधिक खुश नजर आईं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी जाहिर भी की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से स्वदेशी वस्त्रों और परिधानों की खरीददारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाजार में खरीददारी करने आए ग्राहकों और आमजनों से भी आत्मीय भेंट की। बाजार में पैदल भ्रमण एवं भेंट के दौरान दुकानदार और आमजन ने मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुकानों में व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि आज से देशभर में लागू हुई नई जीएसटी कटौती दरें जनता के जीवन में बचत और समृद्धि लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन से शुरू हुआ यह कदम देशवासियों के लिए 'जीएसटी बचत उत्सव' की तरह मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग तभी प्रशस्त होगा, जब हम अपने स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरगामी पहल है, जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।

# प्रकृति, परंपरा और पत्रकारिता का संगम बनी पातालपानी-काला कुंड हेरिटेज यात्रा



इंदौर। शनिवार का दिन मीडियाकर्मियों के लिए यादगार बन गया जब स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के लगभग 125 सदस्यीय पत्रकार दल ने पातालपानी से काला कुंड तक चलने वाली हेरिटेज ट्रेन यात्रा में हिस्सा लिया। यह यात्रा लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हुई। यात्रा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रही, बल्कि धरोहर, संस्कृति और आत्मीयता का अद्भुत संगम बन गई।

स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के पत्रकार साथियों ने अपने परिजनों के साथ इस यात्रा का आनंद उठाया। प्रकृति की गोद में बसे पातालपानी और काला कुंड की वादियों में सभी ने न केवल सैर की, बल्कि धरोहर स्थलों को नजदीक से समझने का अवसर भी पाया। यात्रा के दौरान पत्रकारों में आपसी संवाद और मेलजोल ने वातावरण को और भी आत्मीय बना दिया। काला कुंड स्टेशन पर पहुंचने पर सरपंच, सचिव और ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों का तिलक कर आत्मीय स्वागत किया। संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित विशेष स्वागत समारोह में 101 वर्षीय संत गौरवानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करना सभी के लिए अविस्मरणीय क्षण रहा। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने महाराजश्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया और विशेष पूजन कर आशीर्वाद लिया।

समारोह में सरपंच शिवप्रसाद दुबे, सचिव ईश्वर कोहली, पूर्व सरपंच मुकेश यादव, हनुमानजी मंदिर के पुजारी कमल गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य ग्रामीणों ने पत्रकार साथियों का हार-फूल से स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य गिरधारी बबरीवाल का विशेष अभिनंदन किया गया और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्टेट प्रेस क्लब,मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से आग्रह किया कि काला कुंड के विकास कार्यों हेतु संयुक्त प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. और काला कुंड के जनप्रतिनिधि मिलकर कलेक्टर महोदय, इंदौर से चर्चा करेंगे ताकि स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। यात्रा के अंत में रेलवे कैंटीन में आयोजित भोजन ने सभी को मालवा की पारंपरिक मेहमाननवाजी का अनुभव कराया। बारिश की फुहारों के बीच परोसे गए मालवीय व्यंजन ने स्वाद और आत्मीयता की ऐसी छाप छोड़ी जिसे पत्रकार साथी लंबे समय तक याद रखेंगे। भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य गिरधारी बबरीवाल ने आभार व्यक्त किया।



# इंदौर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना








इंदौर। पंजाब के अमृतसर जिले में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की सहायता हेतु मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ व राधे राधे फाउंडेशन द्वारा राहत सामग्री का बड़ा काफिला आज इंदौर से रवाना किया गया।

ट्रकों में भेजी गई सामग्री में राशन, दवाइयाँ, कपड़े, कंबल, बिस्किट, पानी की बोतलें और पशुओं के लिए दवाइयाँ शामिल हैं। यह सामग्री अमृतसर के रामदास-अजनाला बेल्ट के घोनेवाल, मच्छीवाला, गहोनीवाल, निशोके, पाण्डजीराईवाला, गुर्मराई, रुरेवाल, दरिया मुसा, मलाकपुर, गिल्ला वाली, बेदी छनना, कोट राजादा, चहारपुर, कामीरपुरा, बल लभे दरिया और साहोवाल समेत लगभग 20 गांवों तक पहुंचाई जाएगी। ये क्षेत्र रावी नदी का धुस्सी बांध टूटने से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं।

प्रस्थान अवसर पर योगेंद्र महंत जी, संतोष मीणा जी, दिनेश जी नेह गंगवालजी , मुक्तांश जैन , प्रभात अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। महासंघ के अध्यक्ष शशि सातपुते ने बताया कि महासंघ के श्रेयांश जैन, रविन्द्र जाधव, विकास पवार, विनय परमार, आर्यन व ललित सातपुते अमृतसर पहुंचकर सामग्री का वितरण करेंगे।

# त्यौहारों को देखते हुए
## बदमाशों पर पुलिस की सख्ती




राजेश धाकड़


### जूनी इंदौर थाना पुलिस ने थमाए रेड और यलो नोटिस

इंदौर। शहर में अपराधों पर नियंत्रण और आगामी त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना जूनी इंदौर पुलिस ने क्षेत्र के आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर रेड एवं यलो कार्ड थमाए और डोजियर भरवाए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि त्योहारों के समय या भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध, झगड़ा अथवा आपराधिक गतिविधि की गई तो दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि यह कदम अपराधियों में भय उत्पन्न करने और क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने के लिए उठाया गया है, ताकि नागरिक सुरक्षित माहौल में त्यौहार मना सकें।

# चैतन्य की गहनता, अनुभूति व उपयोग को समझें सहजयोग से - नवरात्रि को सार्थक बनाएं

हमारे अंदर स्थित सुक्ष्म शरीर का ज्ञान और अपने अंतर्शक्ति का आभास हमें तब होगा जब हम इस शक्ति को समझने की शुद्ध और दृढ़ इच्छाशक्ति रखेंगे। जिस प्रकार जिस समय सृष्टि का निर्माण हुआ धरती के अंदर निर्माण की शक्ति निहित थी। वैसे ही, मनुष्य के सृष्टि के पूर्व उनके अंदर भी एक शक्ति स्थापित कर दी गई। यह हमारे अंदर की कुंडलिनी शक्ति है, यही आदिशक्ति का प्रतिबिंब है, इसे आदि कुंडलिनी कह सकते हैं। आदिशक्ति और आदि कुंडलिनी में अंतर यह है कि आदि कुंडलिनी कुंडलिनी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है और आदिशक्ति परम चैतन्य का। कुंडलिनी शक्ति हमारे रीढ़ की हड्डी के नीचे स्थित सेक्रम बोन अर्थात् त्रिकोणाकार अस्थि में स्थित है, जो मानव में प्रतिबिंबित होता है और इसके जागृत होते ही आदिशक्ति का परम चैतन्य हमारी हथेली से प्रवाहित होने लगता है।

आदि कुंडलिनी के नीचे श्री गणेश को बिठाया गया है जो अपनी माँ आदि कुंडलिनी के संरक्षक हैं। हमारी त्रिकोणाकार अस्थि के नीचे मूलाधार चक्र है और यही श्री गणेश का स्थान है। जब तक मूलाधार चक्र स्वच्छ नहीं होगा, श्री गणेश का गुण अबोधिता और सत् सत् विवेक बुद्धि मानव के अंदर प्रस्थापित नहीं होगा तब तक माँ कुंडलिनी जागृत नहीं होगी। आदिशक्ति के परम चैतन्य से एकाकारिता पाने के लिए हमारे अंदर की कुंडलिनी शक्ति की जागृति होनी चाहिए। नवरात्र के शुभ अवसर पर साधक इस ओर प्रयास कर सकते हैं। सहज योग के सेंटर्स हर शहर और लगभग हर गांव में हैं, जहाँ जाकर सहज योग से जुड़ा जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन भी सहज योग का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। सहज योगी साधक आत्मसाक्षात्कारी कहलाते हैं क्योंकि उन्होंने ईश्वरीय शक्ति का आभास अपने हथेली और सिर के तालु भाग पर महसूस कर लिया है। सहज योग में आया साधक यह महसूस करने लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छा इंसान है। चैतन्य लहरियों के कार्यरत होते ही हम सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं से उपर उठकर एक आनंद लोक के सदस्य बन जाते हैं। हमें इस संसार के भीड़ के अंग मात्र बनकर नहीं रह जाना है अपितु अपने विवेक को जागृत कर ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करना है।



चैतन्य लहरियाँ हमारा विकास करती है, हमारे अंदर सद्गुण स्थापित करती है, अंतर्दर्शन से हमारे अंदर की समस्त नकारात्मकता नष्ट हो जाती है, चैतन्य लहरियों से हम अपने और अन्यों के चक्रों को समझने लगते हैं। चैतन्य लहरियाँ हमें ज्योतिर्मय करती हैं और यह अनुभूति हमारी दैवीय शक्ति से एकाकारिता को पूर्णत्व प्रदान करती है। हम अपनी चैतन्य लहरियों से दूसरों का दुख दूर कर सकते हैं। क्योंकि यहाँ हमारी शुद्ध इच्छा कार्य करती है। ईश्वर से जुड़े होने के कारण हमारी प्रार्थनायें सहज स्वीकार कर ली जाती है।

हमारे जीवन में, हमारी भाव भंगिमाओं में, हमारे स्वाभाव में और दूसरों के प्रति हमारे व्यवहार में सुंदर बदलाव आने लगता है। आज समाज में हर कोई पूर्ण संतुष्टि, शांति और धैर्य से जीवन जीना चाहता है और आत्मसाक्षात्कार पाने की शुद्ध इच्छा शक्ति से हम इस स्थिति को पा सकते हैं। नवरात्र की सार्थकता को जीवन में उतारने और ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश पाने हेतू सहज योग से जुड़ें और इसके लिए आप अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार



इंदौर प्रति मंगलवार , 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक

# खनियांधाना में पल्लवी संस्थान द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

जगदीश पाल

## शिक्षा से ही बनता है सुनहरा भविष्य : मुख्य अतिथियों ने छात्रों को दी प्रेरणा

शिवपुरी/खनियांधाना। नगर में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी पल्लवी संस्थान के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खनियांधाना नगर के कुंअर पैलेस में स्वर्गीय निरंजन पाल की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति आयोजित किया गया। समारोह में उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी कक्षा और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### प्रशस्ति-पत्र और शील्ड से सम्मानित

आयोजन में प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति-पत्र और आकर्षक शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के मनोबल को ऊँचा उठाना और उन्हें भविष्य में राष्ट्र सेवा एवं समाज निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

### मुख्य अतिथि का संबोधन

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह जूदेव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि— "आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। इस प्रकार के सम्मान समारोह से बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होता है। हमें चाहिए कि हम बच्चों को सही दिशा दिखाकर उनके सपनों को पंख दें।" उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता और शिक्षक का दायित्व है कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उचित मार्गदर्शन दें।

### विशिष्ट अतिथि का संदेश

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछोर विधायक प्रतिनिधि जगतसिंह बघेल मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा— "आप सभी छात्र-छात्राएँ आने वाले कल की धरोहर हैं। यदि आप अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत से पढ़ाई करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। शिक्षा ही इस देश की सबसे बड़ी दौलत है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता।"

### शिक्षकों ने दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में ओमकारलाल पाल एवं प्रीतम पाल (शिक्षक) ने भी शिक्षा पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई जीवन का सबसे सरल और महत्वपूर्ण कार्य है। मेहनत और अनुशासन से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा "सुनहरा भविष्य आपके अपने हाथों में है, बस आपको निरंतर प्रयास और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना है।"

### बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में सम्मान समारोह को देखने और छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विशेष रूप से रामनिवास पाल (नयागांव), बंटी पाल, पवन पाल, परमार पाल, दीपक पाल, अभिषेक पाल, सेनपाल सिंह पाल (कंजवाहा) सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ और अभिभावक कार्यक्रम का हिस्सा बने।

### आयोजन और संचालन

समारोह का सफल संचालन और आयोजन आशीष पाल, संचालक पल्लवी संस्थान, द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। खनियांधाना नगर में आयोजित यह सम्मान समारोह न केवल छात्रों के उत्साहवर्धन का माध्यम बना, बल्कि समाज में शिक्षा की महत्ता को भी उजागर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने भी एक स्वर से कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए, जिससे बच्चों को प्रेरणा मिलती रहे और वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर होते रहें।

---

नवरात्र पर्व पर मंदिरों में तैयारियां जोरों पर

# नागणेचा मंदिर में माता का होगा विशेष श्रृंगार, करवड़ में 51 फीट की चुनरी यात्रा आज



झाबुआ : राजेश सोनी

झाबुआ के गंगाखेड़ी स्थित मां नागणेचा काली कल्याणी धाम पर नवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पेटलावद-रतलाम मार्ग पर स्थित यह धाम श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। धाम के गादीपति ठाकुर प्रताप सिंह राठौर के अनुसार नवरात्रि में प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया जाएगा। महाष्टमी और महानवमी पर महायज्ञ एवं पूर्णाहुति का आयोजन होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना है। ग्राम करवड़ में भी नवरात्रि महापर्व की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। गरबा पांडाल सजाए जा रहे हैं। आज को विशाल चुनरी और कलश यात्रा निकाली जाएगी। पंकज मेलीवार और शुभम केरावत ने बताया कि यात्रा ढोल-डीजे के साथ जय मां अंबे माता मंदिर से शुरू होगी। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में माता को 51 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी।

---

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की छवि धूमिल करने का प्रयास



## मानसिंह राजावत के खिलाफ परदेशीपुरा थाने में दिया गया आवेदन

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की छवि को धूमिल करने के मामले में संगठन ने पुलिस प्रशासन से सख़्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मानसिंह राजावत नामक व्यक्ति आए दिन शहर की विभिन्न दुकानों और कार्यालयों में जाकर लोगों को डराने, धमकाने और वसूली जैसे कार्य कर रहा है। वह स्वयं को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद से जुड़ा बताकर संगठन के नाम का दुरुपयोग करता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में बजरंग दल के जिला मंत्री अमित आर्य द्वारा परदेशीपुरा थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि मानसिह राजावत का संगठन से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं है, बल्कि वह संगठन की आड़ लेकर अवैधानिक गतिविधियों को अंजाम देता है। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस से मांग की है कि राजावत पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि संगठन की साख को आंच न पहुंचे और आमजन को भी इस प्रकार के फर्जी व्यक्तियों से सतर्क किया जा सके। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति संगठन के नाम का गलत इस्तेमाल कर वसूली या धमकाने का प्रयास करे, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें।

# एक शाम भोले के नाम शिव भजन संध्या एवं सम्मान समारोह आयोजित

## अंतिम सांस बाबा श्री अमरनाथ के तथा समाज के लिए समर्पित। अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू







शिव सेवक समिति के द्वारा एक शाम भोले के नाम शिव भजन संध्या एवं सम्मान समारोह महाप्रसाद वितरण का आयोजन नानाराव पार्क फूलबाग में हजारों श्रद्धालुओं के बीच आयोजित हुआ। आयोजन में पहुंची पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना महापौर प्रमिला पाण्डेय सांसद रमेश अवस्थी कैबिनेट मंत्री राकेश सचान विधायक महेश त्रिवेदी एमएलसी अरुण पाठक सांसद नरेश उत्तम पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का स्वागत समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने मंच पर माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। आयोजन में पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में अपना सहयोग देने वाले कर्मयोगी सुनील सचान संदीप देवड़ा प्रिंस सचान मोहित आकाश राहुल रामप्रताप भोला अंकुर सुधीर को सम्मानित किया गया। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि शिव सेवक समिति विगत कई वर्षो से निरंतर पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में लाखों लाख भक्तों को अपनी सेवाएं देकर उनकी यात्रा को पूर्ण करा रही है। और मैं खुद इस समिति की संरक्षिका हूं और समिति के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू वास्तव में कानपुर के गौरव और लाल है। वहीं दूसरी ओर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि शिव सेवक समिति भारत भर में अपनी सेवाओं की बदौलत ही परचम लहरा रही हैं। शिव भजन संध्या में आए प्रसिद्ध भजन गायक राकेश लखखा एवं पं पुनीत कृष्ण जेटली पगला बनारसी के द्वारा भजनों को सुन भक्त मंत्र मुग्ध हो उठे। समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने कहा कि उनकी अंतिम सांस बाबा श्री अमरनाथ के लिए समर्पित हैं उनके जीवन का लक्ष्य समाज की सेवा करते रहना है। सांसद रमेश अवस्थी ने समिति की प्रशंसा करते हुए कहा समिति के द्वारा निःशुल्क ई रिक्शा की सेवाएं एवं चाइल्ड केयर की सेवाएं भारत भर में कानपुर का नाम रौशन कर रही है। इस दौरान बम बम भोले हर हर महादेव के जोरदार नारे हजारों की संख्या में मौजूद भक्तों ने लगाए। आयोजन में आए हजारों भक्तों को समिति के द्वारा महाप्रसाद एवं प्रसाद रूपी भोजन वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से राहुल संजय गौतम सनी चौहान जगन ललित आलोक कुमार अनिल चतुर्वेदी स्त्रोत गुप्ता आनंद शर्मा श्याम जी तिवारी नीरज पांडे अमित वर्मा परशुराम शुक्ल मोंटी शुक्ला प्रमोद त्रिपाठी पार्षद योगेंद्र शर्मा अनुज यादव मनोज जायसवाल रवि यादव रितेश गुप्ता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंदौर: ट्रेजर आइलैंड मॉल में इस सप्ताहांत एक अद्भुत और जोश से भरा आयोजन देखने को मिला, जहां व्हिज़ी विंग्स द्वारा आयोजित




**इंदौर गॉट टैलेंट- सीजन 2** ने इंदौर की युवा प्रतिभा को एक चमकदार मंच प्रदान किया। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि इंदौर की कला, संस्कृति और क्रिएटिव एनर्जी का उत्सव बन गया। गायकों ने अपनी सुरीली आवाज़ों से हर दिल को छू लिया, डांसर्स ने अपने जबरदस्त स्टेप्स से स्टेज पर धमाल मचाया, कवियों ने शब्दों से भावनाओं को जीवंत कर दिया, रैपर्स ने स्टाइल और सोच का नया मेल पेश किया, योग प्रदर्शनकारियों ने अपनी लचीली मुद्राओं से सबको चकित किया, और आर्ट व क्राफ्ट के कलाकारों ने अपनी रचनात्मकता से आंखों को सुकून दिया। इस भव्य कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और हजारों दर्शकों ने मॉल में पहुंचकर हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद उठाया। इस सफल आयोजन के पीछे व्हिज़ी विंग्स के संस्थापक *अंशुल जैन* और *श्रेया अनासाने* की महीनों की मेहनत और विज़न था, जो इंदौर के युवाओं को एक ऐसा मंच देने में सफल रहा जहां वे न केवल अपनी प्रतिभा दिखा सके, बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी पा सके। "इंदौर गॉट टैलेंट" सीजन 2 ने यह साबित कर दिया कि इंदौर में टैलेंट की कोई कमी नहीं, जरूरत है बस एक सही मंच की – और यही मंच व्हिज़ी विंग्स ने बखूबी प्रदान किया। कार्यक्रम के निर्देशक कृपाल सिंह, आयुषी, कनुप्रिया शर्मा, तुषार, संदीप, प्रगति,आकाश, शिखा जी, कविता, कुणाल, रोहन, सूरज, ज्योति और परस रहे है। साथ ही टीम ने सबसे अधिक धन्यवाद ट्रेजर आयलैंड मॉल, नोवार्सिस टेक, निटिंग नॉट, जजेस और सभी कंटेस्टेंट का माना।

# एक साल से बगैर बीमा और फिटनेस के पिछोर, खनियाधाना में दौड़ रही मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना की गाड़ियाँ

## विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने में दिखे असमर्थ

**संवाददाता जगदीश पाल-9425734189**
पिछोर/खनियाधाना/शिवपुरी( संवाददाता )

शिवपुरी जिले में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत पिछले एक वर्ष से बिना बीमा और फिटनेस के चल रही गाड़ियों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा लगातार पत्र जारी किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है। यह लापरवाही न केवल सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता को धूमिल कर रही है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। आदेशों की अवहेलना, अधिकारी चुप जानकारी के मुताबिक, जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बार-बार संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर स्थिति सुधारने और नियमों का पालन करवाने के निर्देश दिए गए। लेकिन विभागीय स्तर पर आदेशों की जमकर अवहेलना हो रही है। इन गाड़ियों को रोकने या दंडात्मक कार्यवाही करने की जगह उन्हें अनदेखा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति केवल अधिकारियों की लापरवाही नहीं, बल्कि "मिलीभगत और भ्रष्टाचार" की ओर भी इशारा करती है। बिना बीमा और फिटनेस के गाड़ियाँ क्यों खतरा बिना बीमा और फिटनेस के वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की जान से खिलवाड़ भी है। बीमा न होनाः दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को कोई मुआवजा नहीं मिल पाएगा।

फिटनेस न होनाः तकनीकी खराबी और सड़क दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। योजना की साख पर सवाल मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना की साख पर भी इससे नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जवाब देने से बचतीं जिला पीडीएस प्रभारी शिवपुरीइस मामले में जब संवाददाता द्वारा पीडीएस प्रभारी शिवानी गुप्ता से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने न तो फोन रिसीव किया और न ही कॉल बैक किया। उनकी चुप्पी ने संदेह और गहरा दिया है। आमजन का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही जवाब देने से कतराएँगे, तो नियमों का पालन कैसे होगा? स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों का मानना है कि जब इतने लंबे समय से बिना बीमा और फिटनेस की गाड़ियाँ चल रही हैं और अधिकारी चुप हैं, तो इसके पीछे कोई न कोई "मोटी रकम" या "साठगांठ" का खेल जरूर है। किया अधिकारियों ने आंखों पर काली पट्टी बांध रखी है या फिर रिश्वत लेकर नियमों को ताक पर रख दिया गया है? नियम-कानून का सीधा उल्लंघन मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य प्रावधानों के तहत कोई भी वाहन बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना सड़क पर नहीं चल सकता। ऐसे वाहन पकड़े जाने पर भारी जुर्माना और वाहन जब्ती का प्रावधान है। लेकिन करेरा, पिछोर और खनियाधाना क्षेत्र में इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस पूरे मामले को लेकर जनता में भारी नाराजगी है। लोग कहते हैं कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सुविधा पहुँचाना है। लेकिन जब अधिकारी ही लापरवाह होंगे तो योजनाएँ सिर्फ कागजों में ही सफल नजर आएंगी। जिम्मेदारों से जवाबदेही की मांग स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है किः बिना बीमा और फिटनेस के चल रही गाड़ियों को तुरंत रोका जाए। 2. जिम्मेदार अधिकारियों पर विभागीय और दंडात्मक कार्यवाही की जाए। 3. मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। 4. जनता को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया जाए। एक साल से बिना बीमा और फिटनेस के चल रही गाड़ियों का मामला केवल विभागीय लापरवाही नहीं, बल्कि एक गंभीर सिस्टम फेलियर का उदाहरण है। सवाल यह उठता है कि जब शासन बार-बार पत्र और आदेश जारी कर रहा है, तो जमीनी स्तर पर उनकी अवहेलना क्यों हो रही है? अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो न केवल किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी, बल्कि शासन की योजनाओं पर भी आमजन का भरोसा उठ जाएगा।

# पंकज मीणा को ब्लॉक मानपुर सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किया







महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया प्रदेश सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष योगेश यादव ने जमीनी नेता पंकज मीणा को ब्लॉक मानपुर सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, गोविंद टेलर, जुगनू जादवसिंह धनावत, मनीष पटेल, मनमोहन गुनावत, गजेंद्रसिंह राठौर, विष्णु यादव,आशीष जैन, महेंद्र गोस्वामी, अनूपसिंह जाट, रामनिवास मीणा, ओम पटेल, घनश्याम यादव, वीरेंद्रसिंह ठाकुर,मणिशंकर मीणा, सत्यनारायण चिचाणी,रविशंकर मीणा, चेतन चांदा, कपिल पटेल, रवि पटेल,भूपेंद्रसिंह चौहान, भगवान चौधरी,प्रकाश चौधरी,लाखन दरबार,मनोहर गावड़, पत्रकार मनीष पड़ीहार, भगवान ठाकुर, मूलचंद वर्मा,शानू खान, ईश्वर ठाकुर, देवेंद्र मीणा,विवेक मीणा,रजत मीणा, लोकेश मीणा इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जनों ने स्वागत किया।

# महिलाओं को मिली निःशुल्क जांच और दवाओं की सौगा

**जगदीश पाल**


पिछोर (शिवपुरी)सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में आज "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार मिशन" के अंतर्गत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सभी महिलाओं को समस्त प्रकार



की स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रीतम लोधी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रीतम लोधी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत गंभीर है और एक स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार और समाज की नींव रखती है। उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी और सभी से इसका लाभ उठाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक जी ने पांच जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए और टीबी से ग्रस्त मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु उन्हें फूड बास्केट भी प्रदान की। शिविर में जिला स्तर से आए सात विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की और उचित परामर्श दिया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला मंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण पाराशर, श्रीमती पूनम सोनी, सांसद प्रतिनिधि आशीष चौधरी, विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी,गौरव मिश्रा, महामंत्री मुकेश पंसारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश शर्मा, और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (BPM) हर्षवर्धन पुरोहित ने शिविर की व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया।

# आध्यात्मिक यात्रा में पुस्तकें मार्गदर्शक हो सकती हैं ध्येय नहीं



संपूर्ण ब्रह्मांड की संरचना में दो प्रकार के तत्वों की भूमिका है, जैविक व अजैविक। जो आदिशक्ति के स्वरूप श्री लक्ष्मी व श्री सरस्वती द्वारा संचालित हैं। लक्ष्मी श्री विष्णु की शक्ति हैं तो सरस्वती श्री ब्रह्मा जी की और ब्रह्मा का जन्म विष्णु की नाभि से माना जाता है। लक्ष्मी तत्व पदार्थों के रूप में स्पंदित होता है तो सरस्वती तत्व नाद के रूप में। पदार्थ व शब्द दोनों ही मनुष्य जीवन का अहम हिस्सा हैं परंतु दोनों को ही आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप महाकाली ने माया के आवरण में ढका हुआ होता है। पदार्थों का आकर्षण मनुष्य को स्थूल से ऊपर नहीं उठने देता। वहीं शब्दों की माया हमें किसी का प्रिय किसी, का विरोधी सफल या असफल बना देती है। शब्द तीन प्रकार के होते हैं - पहले जिनमें विभिन्न अक्षर प्रमुख होते हैं जो हमारे द्वारा बोले जाते हैं और दूसरे के द्वारा सुने जाते हैं, दूसरे जिन्हें सिर्फ हम सुन पाते हैं और तीसरे हैं मानस जहां वर्ण या क्षर प्रमुख होते हैं। हम अधिकांशतः दूसरी प्रकार के शब्दों के द्वारा छले जाते हैं, इसमें हमारे विचार, योजनाएं, स्मृतियां, लिखना, पढ़ना, आदि शामिल हैं।

हमारे मन में पदार्थों को देखकर जो इच्छाएं जागृत होती हैं वही शब्दों के रूप में प्रकट होती हैं। ज्ञान शब्द नहीं होते, शास्त्र कहते हैं ज्ञान पैदा नहीं होता और ना ही नष्ट किया जा सकता है ज्ञान जन्म से ही हमारे साथ होता है, जैसे-जैसे आत्मा से हमारी दूरी कम होती जाती है, आत्मा अनावरित होती जाती है वैसे वैसे आप को ज्ञान की प्राप्ति होती जाती है। और तब मानस शब्दों की अनुभूति हमें सूक्ष्म शरीर में विभिन्न चक्रों पर वर्णों के रूप में होती है। और ज्ञान की इस अवस्था में वर्णों का यह स्पंदन ब्रह्मांड के नाद से संयुक्त हो जाता है और तब संपूर्ण ब्रह्मांड का रहस्य स्वयं अंतस में प्रकट होने लगता है । जिसे स्वयं का ज्ञान नहीं होता उसके अन्य सांसारिक ज्ञान भी भ्रांतिपूर्ण व अपूर्ण होते हैं। हम सदैव दूसरों के अनुभवों को ज्ञान के रूप में ग्रहण करते रहते हैं परंतु वास्तव में अविष्कारी या वैज्ञानिक वही होता है जो स्वयं का ज्ञान व अनुभव अर्जित करता है। पुस्तकें मार्गदर्शक हो सकती हैं ध्येय नहीं। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग आत्मा के आवरणों से परे ब्रह्मानुभूति का विज्ञान है। जो अंधविश्वासों, कर्मकाण्ड व आडंबरों से परे है। सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। सहज योग में हम स्पंदनों की भाषा को समझने लगते हैं जो अधिक शक्तिशाली, तीव्रगामी व वास्तविक होती है। आप अपने किसी दूर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में सिर्फ स्पंदनों से जान सकते हैं दूसरों की परेशानियों को ये स्पंदन ठीक कर सकते हैं विभिन्न रोगों का उपचार कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है स्पंदन के इस विज्ञान का अनुभव प्राप्त करने हेतु आप जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800से प्राप्त कर सकते हैं।

# विधायक मनोज चौधरी का जन्म दिवस सेवा रूप में मनाया

रणजीत टाइम्स

भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता द्वारा हमारे लोकप्रिय नेता मां नर्मदा के लाल विधायक श्री मनोज भैया चौधरी जी का जन्म दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटपीपल्या में फल वितरण किए, शहीद भगत सिंह जी को माल्यार्पण किया, सज्जन नगर में बच्चों को कॉपी पेन वितरण किए, एक पेड़ मां के नाम पानी की टंकी के यहां पौधारोपण किया गया, एवं गौशाला पहुंचकर गौ माता को गुड़ धनिया की सेवा की गई इस शुभ अवसर पर राजेंद्र सिंह सेंधव नगर मंडल अध्यक्ष, बापुजी जी घोषरिया विधानसभा प्रभारी, संतोष जी गोठी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, अरुण जी राठौर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, महेंद्र यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, भूजराम जी जाट पार्षद, राहुल जी तंवर पार्षद, मनीष सोलंकी महामंत्री नगर मंडल हाटपीपल्या, सुरेंद्र सिंह सेंधव मंडल उपाध्यक्ष, राजेंद्र जी चावड़ा मंडल उपाध्यक्ष, संदीप जी मालवीय पार्षद व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सर्व पितृ अमावस्या पर तर्पण संपन्न

संजय प्रेम जोशी

हाटपीपल्या- स्थानीय गायत्री तीर्थ पर दिनांक 21 सितंबर 2025, रविवार को प्रतिवर्षानुसार सर्व पितृ अमावस्या पर्व पर नौ कुंडीय यज्ञशाला में प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक यज्ञ संपन्न हुआ इसके पश्चात तर्पण और पिंडदान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के परिजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन एवं कर्मकांड प० मनोहर गुरु ने संपन्न किया एवं अपने उद्बोधन में कहा "जिस प्रकार तर्पण के जल के माध्यम से अपनी श्रद्धाभिव्यक्ति की जाती है उसी प्रकार हविष्यान्न के माध्यम से भी श्रद्धाभिव्यक्ति की जाती है। दिवंगत आत्माओं की तृप्ति के लिए यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य है।" कार्यक्रम के पश्चात शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान का संकल्प भी परिजनों ने लिया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


यह जानकारी गायत्री परिवार के श्री गिरीश चंद्र गुरु ने देते हुए दिनांक 22 सितंबर से शुरू हो रही शारदीय नवरात्रि के पर्व के उपलक्ष्य में अनुष्ठान एवं साधना शिविर में सम्मिलित होने का निवेदन किया, जिसकी पूर्णाहुति 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व पर होगी। सर्व पितृ अमावस्या पर प्रमुख स्नान घाट और सार्वजनिक तर्पण स्थलों पर रही श्रद्धालुओं की भीड़। रविवार को सर्व पितृ अमावस्या पर्व पर बागली अंचल क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर एक लाख से अधिक लोगों ने सम्मिलित होकर अमावस्या के महत्व को अलग-अलग तरीके से मनाया क्षेत्र मे धारा जी स्नान घाट और चंद्रकेश्वर घाट पर शासन प्रशासन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था एक दिन पूर्व से की थी। वही हाट पिपलिया गायत्री शक्तिपीठ पर बड़ी संख्या में जजमान श्रद्धालुओं ने आकर अपने इष्ट मित्र और ज्ञात अज्ञात मृत आत्माओं का तर्पण किया इसी प्रकार पिपरी स्थित मनकामेश्वरी नर्मदा माता मंदिर परिसर में भी विगत कई वर्षों से जारी परंपरा के दौरान प्रकृति का आपदा में और पहल गांव में शहीद हुई मृत आत्माओं के लिए तथा ज्ञात अज्ञात संत साधू और नदियों किनारे विचरण करने वाले तपस्वी लोगों का तर्पण विधि विधान से किया गया हाटपिपलिया से गायत्री परिवार के भक्त संजय जोशी ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पर विगत 28 वर्ष से तर्पण विधि का कार्य किया जाता है प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में परिजन यहां पर शामिल होते हैं पिपरी स्थित मनकामेश्वरी मंदिर सनातन सेवा समिति के सदस्य गिरधर गुप्ता ने भी बताया कि विगत 20 वर्षों से नर्मदा मंदिर परिसर में वर्ष की दोनों सर्व पितृ अमावस्या पर तर्पण विधि कार्यक्रम संपन्न होता है। यह कार्यक्रम विद्वान पंडितों की देखरेख में विधि विधान से संपन्न होताहै। कुछ लोग जटाशंकर तीर्थ पर भी स्नान करने पहुंचे बारिश अधिक होने की वजह से सभी स्नान घाट पर पर्याप्त पानी होने की वजह से शासन प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त साधन उपलब्ध चरण धारा जी और चंद केसर में पुलिस बल तैनात रहा। धारा जी स्नान करने गए श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें घाट पर जाकर अच्छा लगा लेकिन 14 किलोमीटर का मार्ग बेहद खराब होने से बहुत परेशानी आई प्रशासन को चाहिए कि 14 किलोमीटर मार्ग को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़कर इस क्षेत्र का विकास कर दे ताकि रोजगार क्या अवसर उपलब्ध हो सके।



दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888


जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स


# इंदौर के सिरपुर झोन के ए ई राजेश गुप्ता की जादूगरी


कार्यालय कलेक्टर
** जन आवेदन **
आपकी शिकायत दर्ज कर ली गयी है जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| ...ter Code | 524955/ | Print Date time 20/05/2025 12:33 |
| | 20/05/2025 | Receipt No |
| ...plicant Name | रहीम 7440499984 | |
| ...licant ...ss | इन्दौर | |
| | आलोटमेंट कैंसल होने बाबद | |
| ...Office | Manoj Sharma - अधीक्षक यंत्री एम पी इ बी (शहरी) कक्ष क्रमांक 102 पहली मंजिल | |
| | आलोटमेंट कैंसल होने बाबद | |

OPPO K12x 5G
Indore | 19 September 2025 at 3:51 pm





**रणजीतटाइम्स**

इंदौर। किसी और के प्लॉट पर लगा दिया बिजली का मीटर मीटर लगाना था 396 पर लेकिन लगा दिया 368 पर शिकायत के बाद भी कुंभकर्ण की नींद सो रहे हैं राजेश गुप्ता इंदौर के सिरपुर झोन पर भ्रष्टाचार चरम पर है यहां झूठे चालान के नाम पर गरीब जनता को लुटा जा रहा हैं किसी ओर के प्लॉट पर मीटर लगाने का यह ताजा मामला सामने आया है जिसमें फरियादी के द्वारा कलेक्टर से लेकर इंदौर के तमाम आला अधिकारियों को शिकायत की गई है और लोकायुक्त कार्यवाही की मांग की जा रही है।

# इंदौर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना




इंदौर। पंजाब के अमृतसर जिले में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की सहायता हेतु मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ व राधे राधे फाउंडेशन द्वारा राहत सामग्री का बड़ा काफिला आज इंदौर से रवाना किया गया।

ट्रकों में भेजी गई सामग्री में राशन, दवाइयाँ, कपड़े, कंबल, बिस्किट, पानी की बोतलें और पशुओं के लिए दवाइयाँ शामिल हैं। यह सामग्री अमृतसर के रामदास-अजनाला बेल्ट के घोनेवाल, मच्छीवाला, गहोनीवाल, निशोके, पाण्डजीराईवाला, गुर्मराई, ररेवाल, दरिया मुसा, मलाकपुर, गिल्ला वाली, बेदी छनना, कोट राजादा, चहारपुर, कामीरपुरा, बल लभे दरिया और साहोवाल समेत लगभग 20 गांवों तक पहुंचाई जाएगी। ये क्षेत्र रावी नदी का धुस्सी बांध टूटने से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। प्रस्थान अवसर पर योगेंद्र महंत जी, संतोष मीणा जी, दिनेश जी स्नेह गंगवालजी , मुक्तांश जैन , प्रभात अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। महासंघ के अध्यक्ष शशि सातपुते ने बताया कि महासंघ के श्रेयांश जैन, रविन्द्र जाधव, विकास पवार, विनय परमार, आर्यन व ललित सातपुते अमृतसर पहुंचकर सामग्री का वितरण करेंगे।

## इंदौर के प्रशिक्षणार्थियों ने पुणे में पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में चमकाया परचम, राष्ट्रीय स्तर पर जगह पक्की

**रणजीत टाइम्स**

**अनिल चौधरी**

इंदौर। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सैमसंग प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल से एक बार फिर इंदौर और प्रदेश का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 250 प्रतिभागियों में से चुनकर पश्चिम क्षेत्र की संयुक्त प्रतियोगिता में इंदौर के होनहार प्रशिक्षणार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




निखिल चौधरी/पिता अनिल चौधरी

पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 19 सितम्बर 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, औंध, पुणे में किया गया। इसमें ऑडियो विजुअल टेक्नोलॉजी, हैंड हेल्ड प्रोडक्ट्स और रचा वर्ग में इंदौर के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप स्थान हासिल किए। ऑडियो विजुअल टेक्नोलॉजी में अंकित द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हैंड हेल्ड प्रोडक्ट्स में निखिल चौधरी ने प्रथम स्थान और सिद्धार्थ मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रचा वर्ग में भावेश अशोक सोनी ने प्रथम स्थान तथा रज़ा अली ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन उपलब्धियों के साथ इंदौर के इन प्रतिभागियों ने अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले को तीन उत्पाद 1,05,000 मूल्य के, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को दो उत्पाद 62,000 मूल्य के, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को एक उत्पाद 37,000 मूल्य का और टॉप 4 से 10 स्थान पाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 17,500 मूल्य का एक उत्पाद भेंट किया जाएगा। इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों धर्मेन्द्र सामसे,राजेश डावर और सतीश पाल को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई हैं। संस्था परिवार ने अपने प्रशिक्षार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए आगामी चरण की प्रतियोगिता में और भी ऊंचे मुकाम हासिल करने की शुभकामनाएं दी हैं। संस्था का विश्वास है कि इंदौर के ये होनहार प्रतिभागी आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक



# आयशर वाहन से पशु आहार के पीछे छुपा कर ले जायी जा रही थी 504 अवैध विदेशी शराब के पेटियां





**आदित्य शर्मा**

इंदौर जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी

इंदौर। दिनांक 17.09.2025 को इंदौर कलेक्टर श्रीमान शिवम बर्मा के मार्गदर्शन व सहायक आबकारी आयुक्त जिला इंदौर *श्री अभिषेक तिवारी के आदेशानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी देवेश चतुर्वेदी डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल ,सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनिल माथुर व कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में अवैध मदिरा से भरा हुआ आयशर वाहन को पकड़ा गया। आबकारी उपनिरीक्षक मनीष राठौर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आयशर वाहन अवैध मदिरा लेकर ग्राम मेहतवाड़ा पर खड़ा है जिसमे पशु आहार के बोरों के पीछे छुपा कर अवैध शराब भरी है। सहायक आबकारी आयुक्त जिला इंदौर अभिषेक तिवारी द्वारा तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गई । गठित टीम तुरंत बताये मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई तो आयशर वाहन क्रमांक mp13 gb 3203 से अवैध रूप से परिवहन हेतु खड़ी थी उक्त वाहन में विधिवत तलाशी में 204 पेटी माउंट–6000 कैन बियर 300 पेटी गोआ व्हिस्की कुल 504 पेटी मदिरा जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

उक्त कार्यवाही आवकारी उप निरीक्षक मनीष राठौर द्वारा नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई।

### जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपये 40,00,000/- है

**उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी अनिल माथुर ,मनोज अग्रवाल कमलेश सोलंकी ,आबकारी उप निरीक्षक मनीष राठौर आरक्षक सावन सिसोदिया, रविंद्र बघेल,नितिन सोनी,विजय सोलंकी,विक्रम यादव, वीरेंद्र पटेल की टीम द्वारा की गई।**

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने सौपा डॉ संगीता कौशल को महिला प्रदेश अध्यक्ष जा पदभार



अखिल भारत हिंदू महासभा को मजबूती प्रदान करने के लिए और संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय देवेंद्र जी पांडे राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष प्रीति राय राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री दिनेश सुगंधी जी प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी प्रदेश संगठन मंत्री लालजी शर्मा जी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे अनुशंसा पर 24/8/2025 से 2 वर्ष के लिए अखिल भारत महासभा महिला आप द्वारा पूरे प्रदेश का विस्तार विस्तार करने हेतु चयन किया गया है संगठन के सभी पदाधिकारी ने डॉक्टर संगीता कौशल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई भी दी एवं संगठन के सभी पदाधिकारीयों का डॉक्टर संगीता कौशल ने आभार भी व्यक्ति।

# त्योहारों को देखते हुए खाद्य विभाग ने कसी कमर

**संजय प्रेम जोशी**

हाटपीपल्या। आगामी नवरात्रि दशहरा दीपावली पर्व की शुरुआत होना है ऐसे में आम जनमानस को शुद्ध और क्वालिटी वाला समान मिले इसी को मध्य नजर रखते हुए कार्यपाली मजिस्ट्रेट नीरज प्रजापति सहायक आपूर्ति अधिकारी अभिषेक मोर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्कल के संयुक्त तत्वाधान में नगर चापड़ा में प्रतिष्ठित होटल एवं रेस्टोरेंट पर निरीक्षण कर खाद्य सामग्री एवं एक्सपायरी डेट के पेय पदार्थ मावाएवं खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए मौके पर



ही एक्सपायरी डेट के पर पदार्थ एवं खाद्य पदार्थों का पाया जाने पर मौके पर ही उनका विनाशीकरण किया गया होटल ऑन से प्राप्त पर पदार्थ जिसमें mazza 600ml - 216 नग कीमत 9072, 240 रसगुल्ला 4 pkd लगभग 68 किलो कीमत 6000 हजार रुपए थम्स अप 600ml - 24 नग कीमत 960 रुपये विनष्टीकरण किए गए सामग्री की कुल कीमत 16032 रूपये कुछ रेस्टोरेंट से घरेलू गैस सिलेंडर भी जब तक किए गएसंयुक्त कार्रवाई से चापड़ा चौपाटी पर हड़कंप मच गया नगर में इस बात को लेकर चर्चा होने लगी कि प्रशासन द्वारा जो कार्रवाई की गई है वह स्वागत योग्य है कुछ लोगों का कहना था यह कार्रवाई त्योहार पर ही क्यों होती है पूरे साल ही यह कार्रवाई चलना चाहिए इस बारे में जब अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा है कि हम निरंतर यह कार्रवाई करते रहते हैं शासन प्रशासन की मंशा यह है की आम नागरिक को शुद्ध एवं क्वालिटी का पेय पदार्थ और खाद्य पदार्थ मिले एवं उचित कीमत पर मिले।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )